आज समाज
नव संवत्सर 2080 की हार्दिक शुभकामनाएं
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
www.aajsamaaj.com
नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 22 मार्च 2023 विक्रमी संवत 2080, अमांत-फाल्गुन, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, मूल्य, 2.00 रुपए

# थैलेसीमिया जांच शिविर का किया आयोजन




**बल्लभगढ़ ।** अग्रवाल महाविद्यालय के प्रागंण में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाइयों के द्वारा थैलासैमिक्स इंडिया दिल्ली, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी केंद्रीय शाखा नई दिल्ली व फाउंडेशन अगेंस्ट थैलीसैमिया, फरीदाबाद इंडिया के सहयोग से नि :शुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत का इस तरह के शिविरों के आयोजन की पीछे जो उद्देश्य है कि सभी को स्वस्थ रखना है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। स्वस्थ विद्यार्थी ही स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी दे सकते हैं। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के जनरल सेक्रेटरी रविंद्र डुडेजा ने सभी को बताया कि अगर थैलेसीमिया कैरियर पुरुष की शादी थैलेसीमिया कैरियर महिला से हो जाए तो उनके बच्चे के थैलेसीमिया ग्रसित होने की संभावना बहुत अधिक होती हैं इसलिए ये शिविर मानव कल्याण के लिए एक वरदान साबित होगा। उन्होंने बताया की थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों को हर 15 से 20 दिनों में खून चढ़ाया जाता है और अब से पहले जागरूकता के अभाव के कारण ऐसे बच्चों की 10 से 12 वर्ष की उम्र में ही मृत्यु हो जाती थी। थैलेसीमिया की जांच व जागरूकता ऐसे बच्चों के जन्म को रोकने में मदद करती है। शिविर में 153 विद्यार्थियों ने जांच कराई। शिविर का आयोजन प्राचार्य की सद्प्रेरणा से हुआ।